प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पेंटिंग और कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन

पन्तनगर। 3 अप्रैल 2024। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की वेटनरी सोसाइटी द्वारा वार्षिक कार्यक्रम 'वेट वीक' के अन्तर्गत डा. मीना मृगेश के मार्गदर्शन में पूरे एक सप्ताह में विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें सर्वप्रथम कोलाज (सम्मिश्रण) एवं पेंटिंग (कलाकृति) प्रतियोगिता आयोजित हुई। चित्रकला एवं कोलाज प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया जिसमें चिकित्साकर्मियों की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों ने सुंदर कलाकृति बनाई, जिसमें 'स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य में योगदान' को दर्शाया गया। कुछ बच्चों ने डॉक्टर को सुपरहीरो बनाकर तो कुछ बच्चों ने डॉक्टर के हाथों में धरती बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कोलाज में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक उपकरण, मास्क, अखबार की कटिंग का उपयोग किया और जानवरों एवं इंसानों के स्वास्थ्य का महत्व को समझाया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डा. मानसी एवं डा. मृदुला शर्मा उपस्थित थी। कार्यक्रम का समापन, निर्णायक मंडल के प्रेरणा भरे शब्दों से हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में अपूर्वा रावत, मिताक्षी, आकांक्षा, प्रियांशी, पीयूष, गौरव, रितिप्सा आदि सदस्य उपस्थित रहे। आगामी दिनों में वेट्स वीक के अंतर्गत गायन, नृत्यकला, कल्चरल रेनरसेस, पोस्टर, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

1: विद्यार्थियों के साथ अधिकारी

2: कला का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार